आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर

क्रमांक–एफ 23(80)(3)/लेखा/आकाशि/छा.ऑनलाईन/2023–24/7073 दिनांक– 24.08.2023

प्राचार्य / जिला नोडल अधिकारी/जिला शिक्षा अधिकारी,
कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना,
देवनारायण छात्रा स्कूटी एवं प्रोत्साहन राशि योजना

विषयः– वित्तीय वर्ष 2023–24 में कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना तथा देवनारायण छात्रा स्कूटी वितरण एवं प्रोत्साहन राशि योजना के आवेदनों के जाँच स्तर के संबंध में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना (10वी पास एवं 12वीं पास) तथा देवनारायण छात्रा स्कूटी वितरण एवं प्रोत्साहन राशि योजना के आवेदनों को तीन स्तर पर जाँच किया जाता रहा है –

- महाविद्यालय स्तर/जिला शिक्षा अधिकारी स्तर (Institute/DEO Level)
- जिला नोडल स्तर नोडल (CENO Level)
- मुख्यालय स्तर (HQ LEVEL)

वर्ष 2023–24 में उक्त योजनाओं हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्रों की जाँच प्रक्रिया को सरलीकरण करते हुए पूर्व के जाँच के तीन स्तरों को संशोधित करते हुए जाँच के दो स्तर रखे गए है ताकि आवेदन पत्रों की जाँच कार्य तीव्र गति से किया जा सके–

- महाविद्यालय स्तर/जिला शिक्षा अधिकारी स्तर (Institute/DEO Level)
- जिला नोडल स्तर (CENO Level)

अतः उक्त योजनाओं में प्राप्त ऑनलाईन आवेदनों को अंतिम रूप से जिला नोडल स्तर (CENO Level) तक ही जाँच किये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जिला नोडल अधिकारी ऑनलाईन आवेदन जाँच का अंतिम स्तर होने के कारण जिला नोडल द्वारा जाँच कर सत्यापित किये गये ऑनलाईन आवेदन पत्रों के आधार पर ही Shortlisted student की अस्थायी एवं स्थायी वरीयता सूची जारी की जायेगी। ऑनलाईन आवेदन पत्रों की जाँच प्रक्रिया में त्रुटिवश यदि किसी छात्रा का योजना में लाभ प्रभावित होता है तो उसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होगें।

आयुक्त
कॉलेज शिक्षा राज. जयपुर

क्रमांक–एफ 23(80)(1)/लेखा/आकाशि/छा.ऑनलाईन/2023–24/7074 दिनांक– 24.08.2023

प्रतिलिपि– प्रभारी वेबसाइट को अपलोड किये जाने हेतु।

आयुक्त

Signature valid
Digitally signed by Sunil Sharma
Designation: Commissioner
Date: 2023.08.23 2?:35:48 IST
Reason: Approved

d:\scholarship\online scholarship\applications level.docx
RajKaj Ref No. : 4578001